-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा के प्रभारी निरीक्षक व उनकी टीम द्वारा चोरी, खोए हुए एवं खराब मोबाइल फोन की खरीद-फरोख्त कर उन्हें तकनीकी रूप से पुनः सक्रिय कर साइबर अपराधियों को बेचने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के 09 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों द्वारा गांव-गांव में फेरी लगाकर चोरी, खोए हुए एवं खराब मोबाइल फोन सस्ते दामों में खरीदकर उनके मदरबोर्ड बदलकर IMEI ब्लॉक/आंशिक रुप से खराब डिवाइस को पुनः सक्रिय कर अवैध रूप से साइबर अपराधियों को किया जाता था सप्लाई।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से कुल 88 एंड्रायड/की-पैड मोबाइल, 92 मोबाइल मदरबोर्ड, 66 मोबाइल बैटरी, 20 फर्जी/कूटरचित मोबाइल क्रय बिल व 11 हजार रुपए सहित 07 दोपहिया वाहन बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी साइबर सुश्री मेविस टॉक के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा के प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा चोरी, खोए हुए, खराब एवं साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त मोबाइल फोन की खरीद-फरोख्त कर उन्हें तकनीकी रूप से पुनः सक्रिय कर साइबर अपराधियों को सप्लाई करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के 09 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 16.04.2026 को शाम पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे ग्राम चहितारा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के भारी मात्रा में मोबाइल के साथ होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल साइबर क्राइम पुलिस थाना व विश्वविद्यालय चौकी की पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबन्दी करते हुए 09 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया तथा उनके पास से भारी मात्रा में पुराने मोबाइल फोन, मोबाइल फोन के मदरबोर्ड, मोबाइल की बैटरी, मोबाइल के फर्जी क्रय बिल आदि बरामद हुए। जिनमें 41 एंड्रायड मोबाइल फोन, 38 की-पैड फोन, 92 मोबाइल के मदरबोर्ड, 66 मोबाइल की बैटरी, 20 फर्जी/कूटरचित मोबाइल क्रय बिल, 11 हजार रुपए नकद, 07 दोपहिया वाहन, 09 मोबाइल फोन जामा तलाशी से बरामद हुए। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गांव-गांव में घूम-घूमकर पुराने, चोरी किए हुए, खराब एवं साइबर ठगी/फ्रॉड आदि में प्रयुक्त किए हुए मोबाइल फोन को सस्ते दामों में खरीदते थे और डीसी मशीन का प्रयोग कर मदरबोर्ड आदि की जांच करते थे जिन मोबाइल फोन का मदरबोर्ड सही पाया जाता था उन्हे विभिन्न साइबर ठगी के गिरोह को अच्छे दामों में बेच देते थे। साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त जिन मोबाइल फोन का IMEI नंबर ब्लॉक कर दिया जाता था/रहता था उन मोबाइल फोन के मदरबोर्ड व अन्य महत्वपूर्ण पार्ट्स को निकालकर उन्हे अन्य मोबाइल फोन में लगा देते थे, या अलग-अलग पार्ट्स को संयोजित कर एक नया मोबाइल फोन तैयार कर साइबर ठगी में उसका प्रयोग करते थे। इनके द्वारा राजस्थान और हरियाणा राज्य में विभिन्न साइबर ठगी के गिरोह को इस तरह के मोबाइल फोन बेचना/सप्लाई करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग शामिल है एवं कहां-कहां इनके द्वारा पुराने मोबाइल फोन को सप्लाई की जाती है/की गई है। बांदा पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि सस्ते व लालच के चक्कर में चोरी अथवा संदिग्ध स्रोत से मोबाइल फोन खरीदने से बचें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बरामदगी-

- 88 एंड्रायड/की-पैड मोबाइल फोन
- 92 मोबाइल के मदरबोर्ड
- 66 मोबाइल की बैटरी
- 20 फर्जी/कूटरचित मोबाइल क्रय बिल
- 11 हजार रुपए नकद
- 07 दोपहिया वाहन

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मुस्तकीम पुत्र मुस्ताक रजा निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
2. अरमान पुत्र मुस्ताक रजा निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
3. अनमोल पुत्र मुस्ताक निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
4. असलम पुत्र भूरे निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
5. साहिल अली पुत्र शौकत अली निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
6. समीम पुत्र नवाव निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
7. रेहान पुत्र नवाव निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
8. अमिर पुत्र शौकत अली निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।
9. मुस्ताक रजा पुत्र भूरे खां निवासी नवावगंज जनपद फतेहगढ़।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 08/26 धारा 317(2)/317(5)/61(2)/336(3)/338/340(2)/3(5) बीएनएस व 66बी आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री राजेश चन्द्र मिश्र प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना
2. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार
3. हे0कां0 प्रमोद कुमार
4. कां0 दिनेश पटेल
5. कां0 ललित कुमार
6. कां0 रविन्द्र सिंह
7. कां0 राहुल कुमार
8. कां0 ऋषभ कुमार
9. कां0 जितेन्द्र कुमार
10. कां0 विकास